श्री बंशीधर नगर, बुधवार
26.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्दशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 182

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 06:19 बजे
अस्त - 05:58 बजे

तापमान
अधिकतम : 29 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com गढ़वा के सुयश बने जदयू के प्रदेश सचिव >> पेज 03 गोविंदा-सुनीता के तलाक की खबरों को भांजी आरती ने बताया अफवाह >> पेज 04

सुविचार

एक अच्छी जिंदगी बहुत बुरे वक्त से गुजर कर आती है

न्यूज अपडेट्स

मौसम साफ होते ही बढ़ने लगा तापमान

रांची। राज्य भर में मौसम साफ होते ही तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज की जाने लगी। मंगलवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सोमवार को यह 27.1 डिग्री था। इसी प्रकार जमशेदपुर में 30.5 डिग्री के मुकाबले मंगलवार को तापमान 32 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा चाईबासा में भी मंगलवार को सोमवार की तुलना में अधिकतम तापमान में एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। यहां का तापमान 31.8 डिग्री के मुकाबले 32.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं रांची और आसपास के इलाकों में मंगलवार को दिनभर मौसम साफ रहा, दोपहर में आंशिक बादल छाया रहा। तीन चार दिनों पूर्व हुई बारिश के कारण धूप में तपिश नहीं है। वहीं शाम में ठंड का एहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार 27 से एक मार्च तक राज्य के उत्तर पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में आंशिक बादल छाये रहने की संभावना है।

कार्रवाई मैट्रिक का पेपर लीक करने के मामले में गिरिडीह से छह आरोपी गिरफ्तार

गर्लफ्रेंड को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के लिए किया था पेपर लीक

कोडरमा। जैक की ओर से आयोजित परीक्षा का पेपर लीक क्या महज गर्लफ्रेंड को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का ही मामला था। अबतक जो कहानी बताई जा रही है, उससे तो यही लगता है। पर पूरी सच्चाई तो गम्भीरता से छानबीन के बाद ही सामने आएगी। इस मामले में गिरिडीह से गिरफ्तार आरोपी कमलेश और मुकेश ने पूछताछ में बताया कि उनलोगों ने गाड़ी से प्रश्नपत्र खाली कर स्ट्रांग रूम तक पहुंचाने के क्रम में सीढ़ियों पर प्रश्नपत्र के बंडल की सील फाड़कर उससे परीक्षा में आने वाले हिंदी और विज्ञान के प्रश्नपत्रों निकाल लिये। जानकारी के मुताबिक इस मामले में पकड़े गए कमलेश ने अपनी गर्लफ्रेंड

को प्रश्नपत्र देने के लिए ऐसा किया था। उसने बताया कि जब उसकी गर्लफ्रेंड ने प्रश्नपत्र पाने की इच्छा जाहिर की तो इन लोगों ने प्लान तैयार करना शुरू किया। इनलोगों ने रांची से प्रश्नपत्र लेकर आए वाहन को खाली कराने की जिम्मेदारी जिस ठेकेदार को मिली थी, उससे मुलाकात की और वाहन खाली करने की इच्छा जाहिर की। ठेकेदार भी आसानी से तैयार हो गया। इसी दौरान लोगों ने सील बंद प्रश्नपत्र के बंडल से प्रश्नपत्रों के सेट की चोरी कर ली। पूरे मामले में गिरिडीह के जिस स्ट्रांग रूम से ये सारी कहानी गढ़ी गई। वहां तैनात कर्मी और जिसको इसकी जिम्मेदारी दी गई थी, वे भी सवालों के घेरे में हैं। क्योंकि सील बंद पैकेट फाड़कर प्रश्नपत्र निकाल लिया गया, उसके बाद परीक्षा वाले दिन जब स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्र को परीक्षा केंद्र पहुंचाने की तैयारी हुई होगी, तो वहां पर मौजूद मजिस्ट्रेट और अन्य कर्मियों ने फटे हुए प्रश्नपत्र के बंडल को जरूर देखा होगा। बावजूद इसके किसी ने भी इसकी सूचना जैक को नही दी। बहरहाल इस मामले में रोहित कुमार, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार, अंशु कुमार पांडेय, कृष्णा कुमार पांडेय व लालमोहन कुमार को गिरफ्तार किया गया है जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। सम्भावना है कि न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद पुलिस इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

पेपर का बंडल ढुलाई करने वाले मजदूर छात्र ने ही उड़ाया पेपर

कोडरमा। झारखंड 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में कोडरमा पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरिडीह के न्यू बरगंडा में छापा मारा। वहां से छह लोग गिरफ्तार किये गए हैं। कोडरमा एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में हुई छापेमारी में कई मोबाइल फोन और प्रश्न पत्र भी बरामद किए गए हैं। पेपर लीक से संबंधित साक्ष्य भी मिले हैं, वहीं गिरफ्तार किए गए लोगों में एक मास्टरमाइंड भी बताया जाता है। सभी गिरफ्तार लोगों को लेकर पुलिस कोडरमा पहुंची जिनसे पूछताछ की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पेपर लीक मामले में झारखंड एकेडमिक काउंसिल की ओर से आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन जांच कर रही है। इस बाबत मरकच्चो थाना में मामला 14/25 दर्ज किया गया था और दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। इनमें प्रशांत कुमार साव और आशीष कुमार साव शामिल हैं। प्रशांत मरकच्चो प्रखंड के जामू में एक प्राइवेट स्कूल और कोचिंग सेंटर चलाता है। दोनों को पुलिस ने रिमांड पर लिया है और लगातार पूछताछ की जा रही है। कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि काण्ड का उद्भेदन व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कोडरमा जिला में कई विशेष टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात्रि गिरिडीह जिला के नगर थाना क्षेत्र के न्यू बरगंडा क्षेत्र से रोहित कुमार नामक एक व्यक्ति को पकड़ा गया। उसके निशानदेही पर अन्य पांच व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए लोगों ने बताया कि इन लोगों को गिरिडीह जिला में प्रश्न पत्र वाहन से उतारने के लिए श्रमिक के रूप में कार्य पर लगाया गया था। गिरिडीह जिला में प्रश्न पत्र वाहन से उतारने के दौरान सील पैक प्रश्न पत्र को ब्लेड से काटकर उनमें से निकाला गया एवं उसका पीडीएफ बनाकर वायरल किया गया। इनके मोबाईल में प्रश्न पत्र पाया गया तथा छानबीन के क्रम में इनके पास से 10वीं विज्ञान का प्रश्न पत्र भी पाया गया है, जिसका सत्यापन किया जा रहा है। प्रश्न पत्र का पीडीएफ बनाते समय प्रश्न पत्र जिस कम्बल एवं चटाई में रखा गया था, उसका फोटो पीडीएफ में आया है उस चटाई और कम्बल को भी बरामद किया गया है। पकड़ाये व्यक्तियों में रोहित कुमार, मुकेश कुमार, लालमोहन कुमार, अंशु कुमार पाण्डेय, कृष्णा कुमार पाण्डेय और कमलेश कुमार शामिल हैं, जिनके उम्र, व्यवसाय, पता आदि का सत्यापन किया जा रहा है। छापेमारी दल में अनिल कुमार सिंह, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रतिभान सिंह, पुलिस उपाधीक्षक, पुनि विनोद कुमार, पुनि विनय कुमार, अरविन्द कुमार, पुअनि सौरभ कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

झारखंड विस बजट सत्र : बालू के मुद्दे पर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

रांची। झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में बालू को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने आ गये। विधायक नवीन जायसवाल ने पूछा कि कितने लाभुकों को अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बालू मिला है। एक हाइवा बालू कितने में मिल रहा है। इस पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि आमजनों को बालू देने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। टैक्स के दायरे में नहीं आने वालों को फ्री में बालू मिल रहा है। 444 बालू घाटों में से 261 घाटों का एलओआई निर्गत हो चुका है। 159 बालूघाटों का एकरारनामा निष्पादित हो चुका है। 64 बालू घाटों को पर्यावरण स्वीकृति मिल चुकी है। लाभुक खुद सुविधानुसार बालू घाटों से बालू ले जाते हैं। 21 लाख सीएफटी बालू उपलब्ध है। 573 लाभुकों को एक लाख 63 हजार सीएफटी बालू दिया गया है। इस जवाब के बाद विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल और मनोज

यादव ने सत्ता पक्ष को घेरा। सीपी सिंह ने कहा कि मैं बिहार से बालू मंगवाकर काम करवा रहा हूं। जेएसएमडीसी से भी बात की तो पता चला कि ट्रक लेकर बालू के लिए जाना होगा। 2013 से जब जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब तब बालू चर्चा में रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे दो हाइवा बालू चाहिए। कब दिलाएंगे, कितना पैसा देना होगा बताएं। सीपी सिंह ने पूछा कि कितने गरीबों को फ्री में बालू दिया गया है। विधायक मनोज यादव ने कहा कि बालू चोरी से मिल रहा है। बिहार से रांची बालू आ रहा है। नवीन जायसवाल ने कहा कि मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देने के बजाय पेट्रोल और डीजल के रेट पूछ लिये। प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि ऑनलाइन आवेदन करने से घर तक बालू पहुंच जाएगा। दूरी के आधार पर बालू का दर तय होता है।

दूसरी ओर विधायक निरल पूर्ति के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं के मानदेय के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नियमावली गठन की प्रक्रिया प्रक्रियाधीन है। निरल पूर्ति ने केंद्र के तर्ज पर 27 हजार रुपये मानदेय देने की मांग की। समीर कुमार मोहंती के डीएलएड प्रशिक्षण बंद होने के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि नई शिक्षा नीति में चार साल के प्रशिक्षण का प्रावधान है। फिलहाल यह मामला विचाराधीन है। 2030 के बाद डीएलएड की पढ़ाई समाप्त हो जाएगी। विधायक जयराम महतो के स्मार्ट क्लास योजना के सवाल पर कहा कि इसका कागजात उपलब्ध करा दिया जाएगा।

ट्रैक्टर का पीछा कर रही पुलिस पर हमला, सात नामदर्ज, दो धराये

प्रशिक्षु एसडीपीओ को ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास

मेदिनीनगर : पाटन थाना अंतर्गत साकनपीढ़ी नहर के पास बालू लदा स्वराज ट्रैक्टर जांच के दौरान अपराधियों ने प्रशिक्षु एसडीपीओ राजेश यादव व उनके अंगरक्षक को कुचलने का प्रयास किया है। वहीं ट्रैक्टर का पीछा करते हुये आरोपियों के घर पहुंची पुलिस पर गांव के ही लोगों ने हमला कर दिया। इस घटना में पाटन थाना प्रभारी लालजी व पाटन थाना सशस्त्र बल के हवलदार जितेन्द्र कुमार देव को चोट लगी है। जानकारी के अनुसार प्रभारी सदर एसडीपीओ राजेश यादव नावाजयपुर थाना क्षेत्र में एक अनुसंधान को लेकर डालटनगंज

से नावजायपुर थाना जा रहे थे। रास्ते में साकनपीढ़ी नहर के पास बिना नम्बर प्लेट का बालू लदा स्वराज ट्रैक्टर परिवहन करते पाया गया। जब ट्रैक्टर को रूकने का इशारा किया गया तब चालक ट्रैक्टर को लेकर भागने लगा। बाद में एसडीपीओ व उनके अंगरक्षक द्वारा ट्रैक्टर को रोका गया लेकिन ट्रैक्टर चालक द्वारा आवश्यक कागजात नहीं दिखाया गया। जब तक उक्त ट्रेक्टर को रोककर चालक से अवैध परिवहन के संबंध में पूछताछ की जा रही थी तभी वहां पीछे से बाईक पर सवार दो व्यक्ति ट्रेक्टर के नजदीक आये उसमें से एक व्यक्ति ट्रेक्टर पर सवार होकर ट्रेक्टर स्टार्ट कर वहां से भगाने लगा। अंगरक्षक द्वारा ट्रैक्टर को रोकने का प्रयास करने पर चालक ने ट्रैक्टर को पुलिस उपाधीक्षक एवं अंगरक्षक की ओर चढाने का प्रयास करते हुये ट्रेक्टर को लेकर भागने लगा। ट्रैक्टर के बगल में मौजूद बाईक सवार भी ट्रेक्टर के आगे-आगे भागने लगा। इस बीच पाटन थाना प्रभारी सशस्त्र पुलिस बल जवानों के साथ मौके पर पहुंचे और एसडीपीओ के साथ ट्रैक्टर व बाईक का पीछा करते हुये ग्राम साकनपीढ़ी पहुंचे तो देखा कि बाईक से भाग रहा व्यक्ति साकनपीढी निवासी भिखारी सिंह उर्फ जगदीश सिंह के घर के अन्दर प्रवेश कर रहा है। जब तक एसडीपीओ व पाटन थाना प्रभारी ने घर में प्रवेश कर रहे व्यक्ति को रोकने का प्रयास किया गया तब तक भिखारी सिंह उर्फ जगदीश सिंह व उनके परिवार के लोगों समेत अन्य 15-20 लोग लाठी डंडा लेकर पुलिस टीम की ओर बढने लगे। पुलिस पदाधिकारियों द्वारा सभी को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन वे पुलिस टीम पर बल का प्रयोग करने लगे जिसमें थाना प्रभारी लालजी व हवलदार जितेन्द्र कुमार देव को चोट लगी है। इसी बीच पुलिस को पता चला कि भागा हुआ ट्रैक्टर टंडवा होते हुये जंघासी के तरफ जा रही है। सूचना के बाद एसडीपीओ राजेश यादव के आदेश पर पाटन थाना प्रभारी ने सहदेवा गांव के पास उक्त ट्रैक्टर व उसके चालक विवेक पाण्डेय को पकड़ लिया तथा बिना नम्बर प्लेट के स्वराज ट्रेक्टर को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में भिखारी सिंह उर्फ जगदीश सिंह को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में पाटन थाना क्षेत्र के साकनपीढ़ी निवासी भिखारी सिंह उर्फ जगदीश सिंह पिता स्व प्रसाद सिंह, नीतीश सिंह उर्फ पप्पु पिता भिखारी सिंह, राकेश सिंह उर्फ छोटे पिता भिखारी सिंह, मीना देवी पति भिखारी सिंह, सतीश सिंह पिता अजय सिंह कारीहार गांव निवासी ट्रैक्टर चालक विवेक पाण्डेय पिता विंध्यांचल पाण्डेय व बाईक चालक विपुल पाण्डेय पिता विध्यांचल पाण्डेय पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की है।

मुन्ना भाई धराया

मेदिनीनगर। पलामू जिले के सतबरवा के बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को दूसरे छात्र के नाम पर मैट्रिक की सोशल साइंस की परीक्षा दे रहा एक छात्र पकड़ा गया है। उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। उड़नदस्ता कृष्ण मुरारी तिर्की ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे एक फर्जी छात्र को पकड़ा गया है। पकड़ा गया छात्र स्तरोन्नत उवि सोहडीखास के छात्र नॉलेज यादव की जगह परीक्षा लिख रहा था, जिसका रोल नंबर 59 और रोल कोड संख्या 31135 है। मजिस्ट्रेट राजीव रंजन कुमार, एएसआई सुख सागर सिंह और पुलिस बल के जवानों ने वीक्षक की पहचान पर मुन्ना भाई की तर्ज पर परीक्षा दे रहे फर्जी छात्र को हिरासत में ले लिया है। वीक्षक रीना कुमारी ने बताया कि गहन जांच के दौरान छात्र को पकड़ा गया। कॉलेज सुपरीटेंडेंट अजय प्रसाद छात्र के पकड़े जाने के समय मौजूद थे।

भाकपा श्री बंशीधर नगर अंचल कमेटी ने 24 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर दिया धरना

बंशीधर न्यूज

श्री बंशीधर नगर : भाकपा श्री बंशीधर नगर अंचल कमेटी ने मंगलवार को 24 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड कार्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुये भाकपा के जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला ने कहा कि सरकार भूमि की समस्याओं के निदान के प्रति गंभीर नहीं है। आमजनों के घर व जोत कोड़ की भूमि का रसीद नहीं कट रहा है। ऑन लाईन दाखिल खारिज के लिये रिश्वत के रूप में मोटी रकम ली जा रही है। आवास गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। चारों तरफ लूट की छूट मची हुई है। गरीबों का सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा सेंटर को आज तक चालू नहीं कराया गया। श्री अकेला ने कहा कि कारागार, आईटीआई कॉलेज भवन बनकर तैयार है लेकिन उसे अभी तक चालू नहीं किया जा रहा है। आठ वर्षों से टुटे बांध की मरम्मती नहीं कराया जा रहा है। वहीं टीसीबी जैसी योजनाओं पर मोटी रकम खर्च की जा रही है। उन्होंने लोगों से जनता की ज्वलंत समस्याओं के निदान के लिये भाकपा के साथ मिलकर संघर्ष तेज करने की अपील की। धरना को भानू प्रताप पासवान, रामनाथ उरांव, गोपाल यादव व श्रीराम ने भी संबोधित किया। धरना के अंत में प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ को मांग पत्र सौंपा तथा जन समस्याओं के निदान के लिये त्वरित पहल करने का आग्रह किया। मांग पत्र में जंगीपुर के आदिवासियों की खतियानी भूमि पर से गैर आदिवासियों को हटाकर उन्हें भूमि पर अधिकार दिलाने, त्रुटिपूर्ण हाल सर्वे को रद्द कर मांग पंजी टू से 2016 से बंद भू लगान लेकर मालगुजारी रसीद कटवाने, कैम्प लगाकर दाखिल खारिज करने, तुलसी दामर डोलोमाईट खदान चालू कराने, बन्द पड़े सभी लिफ्ट एरिगेशन चालू कराने, देइखोह डैम के लीकेज को बंद कराने तथा गार्डवाल बनवाने, डीलरों को 5 जी मशीन देने तथा अनाज तौलकर दुकान तक पहुंचाने, पेंशनधारियों का पेंशन राशि बढ़ाते हुये हर माह पेंशन देने, सभी परिवारों को राशनकार्ड देने व छूटे हुये व्यक्तियों का नाम राशनकार्ड में जोड़वाने, सभी आहर, पोखर, तालाब का गहरीकरण कराने सहित अन्य मांग शामिल है। धरना में विद्या पासवान, किशुन उरांव, मूर्ति कुंवर, शांति कुंवर, रामकेश पाल, कुंती देवी, सुरेश पाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

न्यूज अपडेट्स

मछली मारने के दौरान युवक की मौत

रंका : थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी शिवचरण सिंह के 26 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार सिंह की मौत मछली मारने के दौरान करंट लगने से हो गई। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि राकेश पुरेगाडा गांव स्थित नदी में गांव के लड़कों के साथ मछली मार रहा था। वह करंट प्रभावित तार के सहारे मछली मार रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। जिसके बाद मुखिया हाशिम अंसारी व ग्रामीणों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा भेज दिया है।

सामूहिक विवाह के बाद गृहस्थ सामग्री वितरण की अपील

गढ़वा : कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह का सफल समापन हो गया। विवाह के बाद कुछ लाभार्थियों ने अब तक गृहस्थ सामग्री प्राप्त नहीं की है। ऐसे लोग संस्था के कार्यालय या संस्था के सदस्यों से संपर्क कर अपना सामान ले सकते हैं। संस्था के सदस्यों ने बताया कि शादी संपन्न होने के बाद से लगातार लोग अपनी सामग्री ले जा रहे हैं और जो लोग स्वयं नहीं आ पा रहे, उनकी सामग्री उनके घर तक पहुंचाई जा रही है। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व संस्था को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने भ्रामक जानकारी फैलाने वालों से अपील की कि वे संस्था की छवि खराब न करें और संस्था द्वारा किये गये कार्यों पर भरोसा बनाये रखें। साथ ही उन्होंने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की।

पलामू

अपराधियों के पास से लूट का सामान भी बरामद

लूट की घटनाओं में शामिल पांच अपराधी गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : पलामू पुलिस ने लूट की कई घटनाओं में शामिल पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमरटांड़ (शाहपुर) निवासी विशाल चंद्रवंशी (18), सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पोखराहा गांव निवासी निरज राम उर्फ नीरज कुमार चंद्रवंशी (20), पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत करर कला गांव निवासी सूरज कुमार उर्फ सरोज कुमार (18) तथा सिक्की कला गांव निवासी राजन कुमार पासवान (24) पिता मुखलाल मांझी व हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोकहर कला गांव निवासी अंकु कुमार सिंह उर्फ अंकु सिंह (19) के नाम शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से हैदर नगर मोहम्मदगंज पाटन व नावाजयपुर थाना क्षेत्र में लूट कांड में उपयोग किये गये 7.65 एमएम का दो देशी पिस्टल, एक देशी कटटा, तीन गोली, एक मिसफायर गोली एवं ब्लू रंग का अपाची बाईक, हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसपी से लूटा गया आईफोन, मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लूटी गई बाईक, पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसपी से लूटा गया 6330 रुपए, अभियुक्त के पास से पांच एण्ड्रायड फोन तथा घटना के समय अभियुक्तों द्वारा पहने गये वस्त्र, चप्पल व जूता बरामद किया गया है। इसे लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड नीरज राम है और सभी अपराधियों को सोमवार की शाम घटना की गंभीरता को देखते हुये हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में गठित टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर घटना को अंजाम देने के लिये जुटे इन अपराधियों की घेराबंदी कर मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे टनल के पास से पकड़ा गया है। नीरज बाईक चोरी के जुर्म में तीन साल रिमांड होम में रह चुका है। गिरोह ने सबसे पहले लेस्लीगंज से एक अपाची बाईक चुराई थी और इसी बाईक का इस्तेमाल कर इन अपराधियों ने पाटन के किशुनपुर में सीएसपी, नावाजयपुर में ज्वेलरी दुकान, हैदरनगर में सीएसपी और मोहम्मदगंज में बाईक लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है। अपराधियों ने पुलिस को बताया है कि वारदात के पूर्व दो रेकी करते थे, फिर तीन सदस्य एक बाईक पर आकर लूट करते थे। गिरोह का एक सदस्य विशाल चंद्रवंशी शाहपुर के राजमोहन पोलू की हत्या में भी शामिल रहा है। छापामारी दल में हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ल, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, मोहम्मदगंज थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, पुअनि अफजल अंसारी, विवेक कुमार, संजय यादव व शेख अमानुल्लाह शामिल थे।

गढ़वा-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर रमना में स्टोन चिप्स लदा हाईवा जब्त



रमना : खनिज संपदा के अवैध खनन और परिवहन पर सख्ती बरतने के राज्य सरकार के आदेश के बावजूद राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच 75 पर प्रतिदिन स्टोन चिप्स, बालू, मोरम सहित अन्य खनिज पदार्थों का परिवहन बेरोक टोक जारी है। हालांकि कभी कभार संबंधित विभाग की कार्रवाई से कुछ समय तक हलचल बनी रहती है। चर्चा है कि सोमवार की देर शाम गढ़वा-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर रमना ब्लॉक मोड़ पर ओवरलोड स्टोन चिप्स परिवहन कर रहे एक हाईवा को जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने संदेह के आधार पर पकड़ कर रमना थाना भेज रहे थे, लेकिन इसी बीच हाईवा चालक रास्ते में स्टोन चिप्स को अनलोड करने लगा। परन्तु रमना थाना पुलिस की सख्ती के देखते ही चालक गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहा। स्टोन चिप्स लदा वाहन पकड़े जाने की पुष्टि के लिये राजेंद्र उरांव से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन वे फोन रिसीव नहीं कर सके। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव के द्वारा वाहन पकड़ कर जिम्मानामा मुझे दिया गया है। आवश्यक निर्देश मिलते ही समुचित कार्रवाई की जायेगी।

माता शबरी जयंती सह भुईयां परिवार मिलन समारोह

समतामूलक समाज का संदेश है शबरी घर राम को बेर खाना : अविनाश देव

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : माता शबरी जयंती सह भुईयां परिवार मिलन समारोह में वरिष्ठ झामुमो नेता सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। उन्होंने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर भुईयां समाज के अध्यक्ष व पूर्व मुखिया सुनील भुईयां ने उन्हें अंगवस्त्र एवं फूलमाला देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में श्री देव ने कहा कि माता शबरी अपने त्याग, तप और संघर्ष के बल पर भगवान राम को अपने घर में बुलाई और विशुद्ध मन व नेक इरादे से बेर खिलाई। लेकिन आज भी दलितों के साथ भेदभाव, छुआछूत बदस्तूर जारी है। सवाल उठता है राम के आने से माता शबरी के जीवन में क्या कोई बदलाव आया? आज की शबरी के जीवन की स्थिति वही है। वर्तमान दौर में राम कौन हैं जो इनकी स्थिति को बदलेगा? उन्होंने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र में लगभग छह लाख भुईयां समाज के लोग बस्ते हैं। ये लोग मगह में धान काटने से लेकर ईंट भट्ठों और कारखाना में काम करने से लेकर घरों में खाना बनाने तक के लिये पलायन के लिये मजबूर हैं। इस समाज के सांसद, विधायक, मंत्री भी हुये पर न शिक्षा मिली न स्वास्थ्य सुविधा। आज के दौर में सिर्फ पूजा से इस समाज का उत्थान होने वाला नहीं है। शिक्षा का द्वार खोलिये और समाज को समृद्ध कीजिये। समाज के अगुआ साथी से आग्रह है कि पूजा बाद में पहले समाज को शिक्षित करने की योजना पर काम करें। आप योजनाबद्ध तरीके से खुद का छात्रावास निर्माण करें। खुद राम बने और बेटियों के शिक्षित कर माता शबरी के विचारों और सपनो को साकार करें। यही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर मनोज, चंदन, महेंद्र, सुनील, पारसनाथ, राजू, सिकंदर, मंटू, ललित भुईयां, रवीन्द्र भुईयां, सुरेंद्र भुईयां, बबलू भुईयां, मनोज भुईयां, योगेंद्र, सुनीता देवी, बिंदिया देवी, कौशल्या देवी सहित काफी संख्या में भुईयां समाज के लोग मौजूद थे।

पुलिस ने एक वर्ष पूर्व चोरी हुआ ट्रैक्टर किया बरामद

मेराल : पुलिस ने एक वर्ष पूर्व चोरी हुआ ट्रैक्टर को बरामद किया है। इस मामले में चोरी का ट्रैक्टर का उपयोग करने वाला चेतना के मुन्ना खान के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि करीब एक साल पहले थाना क्षेत्र से चोरी हुआ ट्रैक्टर गढ़वा सदर थाना क्षेत्र के चेतना में चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ पहुंचा तो पुलिस को देखते ही ड्राईवर गाड़ी छोड़ कर भाग गया। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर 2023 को थाना में महिंद्रा ट्रैक्टर नं जेएच 14 सी 2985 को चोरी होने का ट्रैक्टर मालिक संजय पांडेय द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। तभी से उक्त ट्रैक्टर की तलाश की जा रही थी। उक्त चोरी का ट्रैक्टर चेतना गांव निवासी मुन्ना खान के द्वारा उपयोग किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मुन्ना खान बालू कारोबार में संलिप्त रहा है। जिसके ऊपर दूसरे थाना में बालू कारोबार के साथ-साथ कई अन्य आपराधिक मामला दर्ज है। साथ ही मुन्ना खान का भाई भी कई चोरी सहित अन्य घटना में संलिप्त रहा है। इधर ट्रैक्टर बरामदगी के बाद से मुन्ना खान मोबाईल बंद करके घर से फरार है।

सोशल वर्कर संस्था का भंडारा

गढ़वा : सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में पूड़ी, सब्जी, रसगुल्ला का वितरण किया गया। इस दौरान राजेश गुप्ता ने परिवार संग अपनी माता स्व इंदु देवी की दूसरी पुण्यतिथि पर साप्ताहिक भंडारा में सहयोग किया। मौके पर राजेश गुप्ता ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था के द्वारा चलाया गया यह फूड फॉर हंगर सराहनीय पहल है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में काफी सहयोग दे रहे हैं। मौके पर सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, यश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, पारसनाथ गुप्ता, नीलम देवी, मालती देवी, रमेश गुप्ता, पल्लवी, संतोष गुप्ता, सौरभ, गौतम आदि उपस्थित थे।

मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण

रंका : झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा रंका अनुमंडल में बने तीन परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण जारी है। राजकीय प्लस टू उवि के केन्द्राधीक्षक इन्द्र नारायण झा ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 1208 में 1198 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के केन्द्राधीक्षक सुधीर कुमार रजक ने बताया कि यहां 624 विद्यार्थी में 619 शामिल हुये। 5 विद्यार्थी अनुपस्थित पाये गये।

बैंक मैनेजर ने दिया मृतक की पत्नी को चेक

रंका : थाना क्षेत्र के सोनपुरवा ग्राम निवासी स्व सत्यदेव यादव की पत्नी माधुरी देवी को पति की मृत्यु के पश्चात प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना बीमा योजना के तहत रंका ब्रांच मैनेजर ने दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। रंका पंचायत भवन में मंगलवार को रंका कला मुखिया रंजीत कुमार सोनी की उपस्थिति में स्टेट बैंक के पदाधिकारियों ने दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। मौके पर पंकज गुप्ता सहित कई अन्य उपस्थित थे।

पांडू थाना में पारा शिक्षक ने पेट्रोल छिड़क कर लगायी आग, बुरी तरह जख्मी, रेफर

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत डाला खुर्द गांव निवासी पारा शिक्षक रणधीर सिंह ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। यह घटना मंगलवार की शाम 4 बजे की बताई जा रही है। घायलावस्था में उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुये चिकित्सकों ने उसे मेदिनीनगर एमएमसीएच अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जाता है कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय डाला खुर्द में पानी टंकी व पाईप लाईन का काम चल रहा था। लगा रहे मिस्त्री के साथ रणधीर ने मारपीट कर दिया था, इसके बाद मिस्त्री ने रणधीर सिंह के खिलाफ थाना में शिकायत दर्ज करा दिया था। इसकी जानकारी थाना वालों ने रणधीर के चचेरे भाई शिक्षक नेता प्रद्युम्न सिंह उर्फ सिंटू सिंह को दी। उन्होंने झरना खुर्द चौक पर रणधीर से पूछताछ की इस दौरान दोनों के बीच तू तू मैं मैं हो गयी और मामला मारपीट तक पहुंच गई। गुस्साये रणधीर सिंह ने थाना पहुंचकर सिंटू सिंह के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं उन्होंने कहा कि कार्रवाई नहीं कि गयी तो थाना परिसर में ही आत्महत्या कर लेंगे। इतना कहते ही थाना परिसर में ही रणधीर सिंह ने पेट्रोल छिड़ककर आग लिया। जिसे देख थाना के सिपाही और आसपास के लोगों ने आग को बुझाया। तत्काल उसे विश्रामपर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुये चिकित्सकों ने एमएमसीएच अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया, जहां वे ईलाजरत हैं।

न्यूज अपडेट्स

महाशिवरात्रि को लेकर कलश यात्रा का आयोजन

छतरपुर : थाना क्षेत्र के करमा कला बैरियाडीह गांव मे महाशिवरात्रि को लेकर कलश यात्रा का निकाली गयी। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु ने भाग लिया। शिवरात्रि के दिन बैरियाडीह गांव के शिव मंदिर में शिव की पूजा होगी। पूजा के बाद भंडारा का आयोजन किया जायेगा है। कलश यात्रा में कुंदन जायसवाल, बेचू प्रसाद, कमलेश गुप्ता, बबन, नंदू साव समेत बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल थे।

शांतिपूर्ण ढंग से शिवरात्रि मनाने की अपील

हुसैनाबाद : शिवरात्रि में शांति व्यवस्था कायम रखने को लेकर हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक एसडीओ गौरांग महतो की अध्यक्षता में हुई। संचालन थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने किया। मौके पर सभी शिवालयों पर पुलिस ने नजर रखने व गश्त तेज करने की बात कही। एसडीओ गौरांग महतो ने शिवरात्रि को सभी को मिलजुल कर सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि किसी तरह की अफवाह पर तत्काल प्रशासन को सूचना दें। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा कई नागरिक व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

राजनीति राजनीतिक समझ व हुनर को मिली जगह

गढ़वा के सुयश बने जदयू के प्रदेश सचिव

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : जदयू ने झारखंड में फिर से अपनी खोये शाख को प्राप्त करने एवं अपने प्रभाव से एक बार फिर प्रदेश को आदर्श कार्यों से परिलक्षित करने का बड़ा कदम उठाया है। इसके लिये पार्टी नेतृत्व ने तेजतर्रार, समझदार एवं सक्रिय युवा नेताओं पर भरोसा किया है। पार्टी युवा कंधों पर विश्वास कर झारखंड की राजनीति को स्वच्छ और पवित्र बनाने की पहल शुरू कर दी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिये पार्टी ने युवाओं को प्रदेश कमेटी में जगह दिया है। इसमें गढ़वा जिले से सुयश पांडेय को प्रदेश सचिव का बड़ा दायित्व मिला है। सुयश के अंदर राजनीतिक समझ और हुनर कूट कूट कर भरी पड़ी है। प्रदेश और देश के सफल राजनीतिक नेताओं के राजनीति का गुर सीखने वाले सुयश अपनी नई जिम्मेवारी को सफलता पूर्वक निभाने के लिये संकल्पित दिख रहे हैं। सबसे पहले उन्होंने नई जिम्मेवारी के लिये जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय को धन्यवाद दिया है कि उन्होंने उन जैसे युवा पर इतना भरोसा दिखाया। तत्पश्चात उन्होंने अपने अभिभावक स्वरूप धर्मेंद्र तिवारी को भी धन्यवाद दिया। जिनका मार्ग दर्शन उन्हें सदैव मिलता रहता है। सुयश ने अपने सभी दोस्तों एवं शुभ चिंतकों का भी तहेदिल से आभार व्यक्त किया जो उनके आत्मविश्वास के श्रोत हैं।

मेरे लिए यह बड़ा अवसर : पांडेय

सुयश पांडेय ने प्रदेश सचिव बनाये जाने पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि जब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नये चेहरों को मौका देती है तो वह सिर्फ पार्टी को ही नहीं बल्कि देश की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करता है। जनता दल यूनाईटेड जैसी राष्ट्रीय पार्टी के झारखंड प्रदेश के संगठन में एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उनके लिये यह एक बड़ा अवसर है। वह इसके जरिये युवाओं को सकारात्मक राजनीति से जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति को लेकर युवाओं में निराशा का भाव देखा जा रहा है। इस कारण युवाओं के मन-मस्तिष्क में राजनीति को लेकर गलत धारणा पनप रही है। जबकि युवा राजनीतिक परिवर्तन का सूत्रधार रहे हैं। राजनीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज और देश को नई दिशा देने वाले युवाओं से प्रेरणा लेकर वह राजनीतिक जीवन का आरंभ कर रहे हैं। वह राजनीति को लेकर युवाओं के भ्रम को खत्म करेंगे और युवा ऊर्जा के माध्यम से राजनीति को धारदार बनाने का सफल प्रयास करेंगे।

विधायक अनंत ने डंडई के लवाही से पचौर होते हुये चिनियां प्रखंड से जुड़ने वाली सड़क निर्माण का मामला उठाया

श्री बंशीधर नगर : भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक अनंत प्रताप देव ने विधानसभा में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न जनसमस्याओं का मामला उठाया है। विधायक ने शून्य काल में डंडई प्रखंड के लवाही से पचौर होते हुये चिनियां प्रखंड से जुड़नी वाली दस किलोमीटर सड़क के निर्माण की मांग की। उन्होंने कहा कि डंडई से लवाही होते हुये पचौर से चिनियां प्रखंड से जोड़ने वाले मार्ग को अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पीडब्लूडी विभाग से निर्माण कराने की मांग की विधायक ने तारांकित प्रश्न में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 16 फरवरी 2020 से बंद तुलसीदामर डोलोमाईट माइंस के लीज विस्तार का मामला उठाया। उन्होंने रमना प्रखंड में पॉलिटेक्निक कॉलेज खोलने का भी मामला उठाया।

झारखंड विश्वनाथ मंदिर में कलश यात्रा, चार दिनी धार्मिक अनुष्ठान शुरू

विश्रामपुर : महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र के कई शिव मंदिरों से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों श्रद्धालु भक्त शामिल हुये। पांडू के तिसीबार धाम स्थित झारखंड विश्वनाथ मंदिर परिसर में आयोजित चार दिनी धार्मिक अनुष्ठान को लेकर निकली कलश यात्रा में मंदिर के मुख्य संरक्षक सह रिलायंस के वाईस प्रेसिडेंट विनय कुमार दुबे, नागेन्द्र दुबे, मंजू देवी सोना दुबे, पूर्व मुखिया दिनेश कुमार सहित सैकड़ों गणमान्य के अलावे श्रद्धालु शामिल थे। कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकल कर फुलिया संगम पर पहुंचा, जहां से सभी शिवभक्त कलश में मंत्र पूजित जलभकर मन्दिर में लाकर स्थापित किये। कलश स्थापना के साथ चार दिनी धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत हो गयी है। वही विश्रामपुर के बघमनवा स्थित शिव मंदिर से भी कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें आसपास के सैकड़ो लोग शामिल थे।

कौशल विकास के लिये कार्य योजना बना रोजगार मुहैया कराएं : डडीसी

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : डीडीसी शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में आज समाहारणालय सभागार में जिला कौशल विकास एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। डीडीसी ने सभी विभाग को अपने स्तर पर कौशल विकास के लिये कार्य योजना तैयार करने एवं इससे युवक-युवतियों को जोड़कर रोजगार मुहैया कराने की दिशा में अभियान चलाने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर जिले के अंतिम व्यक्ति तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि पलामू में उद्योग, होटल, व्यवसाय, मॉल, साहित्य, रोजगार के अन्य साधन हैं। इसे ध्यान में रखकर कौशल विकास केंद्र में लोगों को प्रशिक्षण करवाये। प्रशिक्षण केंद्रो में डाटा एंट्री ऑपरेटर, वेयरहाउस एसोसिएट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट तथा अन्य ट्रेडो का प्रशिक्षण दिया जाता है। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हेल्थ केयर, इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एवं अन्य तरह के कोर्स का संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी एवं कौशल विकास केन्द्र के संचालक उपस्थित थे।

बाल श्रम उन्मुलन एवं पुनर्वास को लेकर जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक : डीसी

बाल श्रमिक से काम कराने वाले प्रतिष्ठान संचालकों पर करें कार्रवाई

बंशीधर न्यूज

मेदिनीनगर : डीसी शशि रंजन ने श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मुलन एवं पुर्नवास को लेकर जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि जो नियोजक अपने प्रतिष्ठान में 14 वर्ष के कम उम्र के बाल श्रमिक को नियोजित करते हैं उनके विरूद्ध बाल एवं अल्प व्यस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुये 20-20 हजार रुपए प्रति बाल श्रमिक जुमार्ना के रूप में वसूली किया जाय। वहीं विमुक्त बाल श्रमिक की ट्रैकिंग तथा पुर्नवासन के लिये मानक कार्य पद्धति के अनुसार कार्य किये जाने का निदेश दिया। डीसी ने श्रम अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को विमूक्त बाल श्रमिकों को कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं अनुसूचित जाति एवं जनजातीय आवासीय विद्यालयों में नामांकन करवाया जाय एवं उनके माता-पिता को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से जोड़ा जाय। उन्होंने समय-समय पर जिले में बाल श्रमिक के उन्मूलन हेतू गठित धावा दल द्वारा छापेमारी अभियान चलाने का सख्त निदेश दिया। श्रम अधीक्षक एतवारी महतो द्वारा बताया गया कि अल्पव्यस्क बाल श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के अन्तर्गत 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से काम लेना कानूनी अपराध है। अगर कोई नियोजक 14 वर्ष के कम उम्र के बच्चों से काम लेते हैं, तो उनको 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास या 20 हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक जुमार्ना या दोनों हो सकता है। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, डीएसओ सौरभ प्रकाश, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी एवं जिला बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित थे।

खुशबू का शव कमरे में फंदे से झूलता मिला, हत्या का मामला दर्ज

हुसैनाबाद : हैदरनगर थाना के भाई बिगहा गांव निवासी इरफान खान की पत्नी खुशबू प्रवीण का शव सोमवार की देर शाम कमरे में फंदे से झूलती मिली। ग्रामीणों ने शव को फंदे से उतार कर खुशबू के घर वालों को सूचना दिया। सूचना मिलने पर खुशबू के मायके के लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दिया। हैदरनगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद मायके वालों को सौंप दिया। मृतक खुशबू प्रवीण की मां हैदरनगर थाना के कबरा गांव निवासी जुलेखा खातून पति का नाम इकबाल खान ने हैदरनगर थाना को दिये आवेदन में कहा है कि उनकी पुत्री खुशबू प्रवीन की शादी मुस्लिम रिति रिवाज के अनुसार हैदरनगर भाई बिगहा निवासी वासी खान के पुत्र इरफान खान के साथ वर्ष 2020 में हुई थी। खुशबू प्रवीन एवं इरफान खां के तीन बच्चे हैं। आवेदन में कहा गया है कि खुशबू प्रवीन की सास माजदा बीबी, ननद मुसर्रत खातून, सायरा खातून एवं रिजवाना खातून सभी लोग खुशबू को दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे एवं मारते पिटते थे। खुशबू का देवर सहनवाज खान एवं वासी खान के दामाद खालिद खान भी दहेज के लिये प्रताड़ित करते थे। पूर्व से दहेज के लिये सभी लोग खुशबू को मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे।



गोविंदा और सुनीता के तलाक की खबरों को भांजी आरती सिंह ने बताया अफवाह

गोविंदा और सुनीता अहूजा की जोड़ी बॉलीवुड की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक रही है, लेकिन हाल ही में सामने आई तलाक की खबरों ने उनके फैंस को झटका दे दिया। कहा जा रहा है कि गोविंदा और सुनीता ने शादी के 38 साल बाद अलग होने का फैसला किया है। हालांकि, इस पर अब तक दोनों में से किसी ने आधिकारिक बयान नहीं दिया है। अब इन अटकलों पर गोविंदा की भांजी और अभिनेत्री आरती सिंह ने चुप्पी तोड़ी है। तलाक की खबरों पर आरती ने कहा, सच कहूं तो मैं अभी मुंबई में नहीं हूं, इसलिए मैंने किसी से संपर्क नहीं किया है, लेकिन मैं आपको बता दूं कि यह झूठी खबर है। ये सिर्फ अटकलें हैं क्योंकि उनका रिश्ता बहुत मजबूत है। उन्होंने इतने सालों में एक प्यार भरा रिश्ता बनाया है, तो वे तलाक कैसे ले सकते हैं? मुझे नहीं पता कि लोगों को ऐसी अफवाहें कहां से मिलती हैं। आरती सिंह ने लोगों से गलत खबरें न फैलाने की अपील की, उन्होंने कहा, ₹लोगों को दूसरों के निजी जीवन में दखल देने से बचना चाहिए। यहां तक कि मेरे खुद के तलाक की खबर भी बिना किसी कारण के फैला दी गई। ऐसी अफवाहें सिर्फ बेवजह का तनाव पैदा करती हैं।

जॉन अब्राहम की फिल्म द डिप्लोमैट 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी



अभिनेता जॉन अब्राहम आखिरी बार फिल्म 'वेदा' में नजर आए थे। हालांकि, उनके अभिनय को काफी सराहा गया, लेकिन यह एक्शन से भरपूर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। इन दिनों जॉन अपनी आगामी फिल्म 'द डिप्लोमैट' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म का निर्देशन शिवम नायर कर रहे हैं, जो इससे पहले 'नाम शबाना' जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। फिल्म 'द डिप्लोमैट' 7 मार्च को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। इसलिए दर्शकों को इस रोमांचक कहानी के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। अब यह फिल्म 14 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। वही टी-सीरीज ने एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, इंतजार लंबा होता जा रहा है, लेकिन उसका प्रभाव और भी मजबूत होता जा रहा है। हालांकि, निमार्ताओं ने इसकी रिलीज को पोस्टपोन करने का कारण स्पष्ट नहीं किया है। यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध पाकिस्तान ले जाकर शादी कर दी जाती है, जहां से निकलने के लिए वह हरसंभव प्रयास करती है। इस फिल्म में जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो इस्लामाबाद में भारत के पूर्व उप उच्चायुक्त जेपी सिंह का किरदार निभा रहे हैं। उनके अपोजिट सादिया खतीब लीड रोल में हैं।

महाकुम्भ में शिवरात्रि के स्नान को लेकर संगम क्षेत्र में आता श्रद्धालुओं का हुजूम

पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से है एक : राष्ट्रपति

पटना। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक है। इस संस्थान का पुरातनता को संरक्षित करने और आधुनिकता की ओर निरंतर अग्रसर होने का गौरवशाली इतिहास रहा है। पटना मेडीकल कालेज एवं हास्पिटल (पीएमसीएच) एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक रहा है। इस संस्थान के पूर्व छात्रों ने अपनी प्रतिभा, सेवा और समर्पण के बल पर देश-विदेश में अपना और पीएमसीएच का नाम रोशन किया है। वह मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहीं थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि इलाज के लिए दूसरे शहर या राज्य में जाने से कई तरह से नुकसान होता है, जैसे इलाज में देरी, भोजन, आवास और रोजगार की समस्या। इससे बड़े शहरों के चिकित्सा संस्थानों पर भी बोझ पड़ता है। देश भर में अच्छे चिकित्सा संस्थानों का विकेंद्रीकरण इन सभी समस्याओं को हल करने में मददगार साबित होगा। चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई और इंदौर जैसे शहर विशिष्ट उपचार के केंद्र के रूप में विकसित हुए हैं। बिहार को भी ऐसे कई केंद्र विकसित करने चाहिए। इससे न केवल बिहार के लोगों को अच्छी चिकित्सा मिलेगी, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएमसीएच और इसके पूर्व छात्र अपने अनुभव से इस प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह तकनीक का युग है। चिकित्सा क्षेत्र में भी तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसी तकनीकें चिकित्सा प्रक्रिया को सरल और सटीक बना रही हैं। उन्होंने पीएमसीएच के सभी हितधारकों से नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए हमेशा तैयार रहने का आग्रह किया। कहा कि इससे न केवल इलाज आसान होगा, बल्कि डॉक्टरों का ज्ञान और दक्षता भी बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे डाक्ट शोधकर्ता, चिकित्सक, शिक्षक और परामर्शदाता भी हैं। इन सभी भूमिकाओं में वे लोगों और समाज की सेवा करते हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। उन्होंने उनसे लोगों को रक्त और अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया।

इलाज को आते थे दूसरे राज्यों के भी लोग : नीतीश कुमार

पटना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पटना चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल (पीएमसीएच) का विशेष महत्व रहा है। यहां इलाज के लिए दूसरे राज्य के लोग भी आते थे। 25 फरवरी, 1925 को पीएमसीएच की स्थापना की गई थी। देश में उस समय बहुत कम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे। उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए बताया कि हम इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ते थे, तब उस समय पीएमसीएच के छात्रों से जो हमारे मित्र हुआ करते थे, उनसे मुलाकात होती थी। वह मंगलवार को पीएमसीएच के बाबू सभागार में आयोजित शताब्दी समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएमसीएच के प्रति हमारा विशेष लगाव है। जब सरकार में नवंबर, 2005 से यहां काम करने का मौका मिला तो हम लोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई काम किया। यहां छह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे। अब 12 मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल हो गए हैं, जबकि 14 का निर्माण किया जा रहा है। आठ जगहों पर केन्द्र सरकार निर्माण करा रही है। हम लोगों ने सोच लिया है कि हर जिले में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाएंगे। पीएमसीएच को 5,400 बेड का विश्वस्तरीय अस्पताल बनाया जा रहा है। इसके पहले फेज का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है। दूसरे और तीसरे फेज का निर्माण चल रहा है।

डीआरडीओ में फर्जी भर्ती रैकेट, सीबीआई ने दर्ज किया मामला

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने फर्जी भर्ती रैकेट चलाने वाले

अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन पर आरोप है कि वे रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) में नौकरी का झूठा वादा कर-के बेरोजगारों को धोखा दे रहे थे। सीबीआई के बयान के अनुसार मामले में जांच जारी है और एजेंसी ने इस संबंध में जयपुर में 02 स्थानों और नई दिल्ली में एक स्थान पर तलाशी ली है। धोखेबाज भर्तीकर्ता चपरासी, सफाईकर्मी, मल्टी-टास्किंग स्टाफ और लोअर डिवीजन क्लर्क सहित विभिन्न पदों के लिए बेईमानी से नौकरी की पेशकश कर रहे थे और उम्मीदवारों से 10 से 25 लाख रुपये तक की रकम वसूल रहे थे। भुगतान किए जाने के बाद उम्मीदवारों को ईमेल के माध्यम से नई दिल्ली स्थित एक फर्जी तथाकथित डीआरडीओ-संबद्ध सुविधा में चिकित्सा जांच से गुजरने का निर्देश दिया जाता था। इसके बाद नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को फर्जी नियुक्ति पत्र जारी किए गए और उन्हें जयपुर में एक फर्जी डीआरडीओ कार्यालय में तीन महीने के प्रशिक्षण सत्र के लिए रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया।

Hit लिस्ट

महाशिवरात्रि पर श्री सोमनाथ का प्रसाद स्पीड पोस्ट से प्राप्त करें

राजकोट/अहमदाबाद। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व है। हर भक्त भगवान शिव के

ज्योतिर्लिंग रूप के दर्शन करने और आशीर्वाद के रूप में प्रसाद प्राप्त करने की इच्छा रखता है। इस इच्छा को पूरा करने के लिए डाक विभाग की पहल के तहत स्पीड पोस्ट के माध्यम से लोग देश के किसी भी कोने में घर बैठे गुजरात के श्री सोमनाथ मंदिर, वाराणसी के श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर का प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं। डाक विभाग के उत्तर गुजरात तथा सौराष्ट्र एवं कच्छ क्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा है कि श्री सोमनाथ ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं को उनके घरों तक प्रसाद पहुंचाने के लिए भारतीय डाक विभाग के साथ सहयोग किया है।

सोमनाथ मंदिर को मिला ईट राइट प्लेस ऑफ वर्शिप का प्रमाणपत्र

गांधीनगर/अहमदाबाद। सोमनाथ मंदिर को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता अपनाने के लिए ईट राइट प्लेस ऑफ वर्शिप प्रमाणपत्र दिया गया।

वर्तमान में गुजरात में कुल 47 मंदिरों को यह प्रमाणपत्र मिला है। राज्य के खाद्य आयुक्त डॉ. एचजी कोशिया ने मंगलवार को बताया कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को उनके जीवन के लिए आवश्यक शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। गुजरात के सोमनाथ में स्थित ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर देश के 12 महत्वपूर्ण ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इसके महत्व को ध्यान में रखते हुए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को स्वच्छ और सुरक्षित प्रसाद मिले।

युद्ध से तबाह हुए यूक्रेन को पुनर्निर्माण में यथासंभव सहयोग करेंगे डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिका और यूक्रेन समझौते पर सहमत, जेलेंस्की खनिज भंडार सौंपने को तैयार

कीव। संयुक्त राज्य अमेरिका और यूक्रेन एक बड़े समझौते पर सहमत हो गए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की अमेरिका को देश का खनिज भंडार सौंपने को तैयार हो गए हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसके बदले युद्ध से तबाह हुए यूक्रेन को पुनर्निर्माण में यथासंभव सहयोग करेंगे। सीएनएन ने सूत्र के हवाले से यह खबर प्रसारित की है। इसमें कहा गया है कि समझौते के मसौदे से वह हर चीज हटा दी गई, जिस पर दोनों पक्षों में से किसी एक को भी आपत्ति हो सकती थी। हालांकि अभी तक अमेरिकी ने इसकी पुष्टि नहीं की है। हालांकि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की आने वाले दिनों में वाशिंगटन की यात्रा कर सकते हैं। ऐसे संकेत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को खुद दिए। उन्होंने ओवल

ऑफिस से कहा कि सुना है वह शुक्रवार को आ रहे हैं। जेलेंस्की का आना अच्छा रहेगा। हम दोनों मिलकर समझौते पर हस्ताक्षर करना चाहेंगे। वाकई अमेरिका के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। इससे पहले सोमवार को भी कहा गया था कि यूक्रेन एक ऐसे समझौते पर सहमत होने के लिए तैयार है जो पुनर्निर्माण निधि में अमेरिका की भागीदारी चाहता है। वह इसके बदले संयुक्त राज्य अमेरिका को अपने दुर्लभ खनिज भंडार का बड़ा हिस्सा सौंप सकता है। सूत्र ने कहा था कि अमेरिकी अधिकारियों ने समझौते के मसौदे में शामिल सुरक्षा गारंटी का विरोध किया था। बताया गया है कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन से पहले की सहायता के बदले उसके खनिजों में 500 बिलियन डॉलर की हिस्सेदारी मांगी थी। जेलेंस्की ने इसे अस्वीकार कर दिया था। उल्लेखनीय है कि यूक्रेन के पास दुनिया के लगभग पांच प्रतिशत महत्वपूर्ण खनिज हैं। इनमें 19 मिलियन टन से भी अधिक ग्रेफाइट के भंडार हैं। यूक्रेन ग्रेफाइट का उत?पादन करने वाले शीर्ष पांच देशों में है। ग्रेफाइट का उपयोग इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरी बनाने में किया जाता है। इसके अलावा यूरोप के सभी लिथियम भंडारों का एक तिहाई हिस्सा भी यूक्रेन में है। यह भी बैटरी में इस?तेमाल होता है। रूस के आक्रमण से पहले यूक्रेन वैश्विक स्तर पर 7 फीसद टाइटेनियम का उत्पादन करता था। यह हवाई जहाजों से लेकर बिजली संयंत्रों तक, विभिन्न प्रकार के उत्पादों के निर्माण में उपयोग की जाने वाली एक हल्की धातु है। यूक्रेन में दुर्लभ धातुओं के भी महत्वपूर्ण भंडार हैं। यह 17 तत्वों का एक समूह है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)